SHRI MANUBHAI PATEL: It is a breach of privilege. How do you compare like that? Being a senior parliamentarian, can't you distinguish between the two?

SHRI BHUPESH GUPTA: Now Mr. Patel and others are sitting. Here is another Chief Minister. Well, my friend is sitting there. They are all honourable men. I do not dispute that. But how do they feel? Tell me privately at least on telephone how do you feel? Do you feel very comfortable? Well, it does not behove anybody to assail Mr. Sanjay Gandhi —of course Sanjay Gandhi must be assailed; I am one of those who are for it—but defend Mr. Kanti Bhai Desai. I find Mr. Kanti Bhai Desai is being defended in the same way by the treasury benches as in the emergency days the other son of the Prime Minister was defended. We do not like this.

So, Sir, all I say is that we are all unanimous in this matter despite our differences. We do not say we agree on every thing. But this demand we make in the interest of public morality, democracy and parliamentary institutions and I hope, Sir, next week, as my friend has suggested, this debate must get the priority.

SHRI SANKAR GHOSE: Sir, we want a statement from the Minister of Parliamentary Affairs.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Let us go to the Calling Attention Motion. Mr. Kalp Nath Rai. (*Interruption*).

SHRI MANUBHAI PATEL: Statement was already made. He was absent.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Calling Attention. Mr. Kalp Nath Rai.

श्री शिव चन्द्र झा : मेरा प्वाइंट आफ आर्डर है । उपसभापति महोदय, आप ही इस का निर्णय कर सकते हैं, लेकिन यदि आप यहां इस का निर्णय नहीं करते तो इसको आप अध्यक्ष महोदय के पास ले जायें । बहुत से महत्वपूर्ण विषय हैं कि जो हम लोग कालिंग अटेंशन के जरिये उठाने के लिये आप के पास भेजते हैं, लेकिन वे विषय यहां पर कालिंग अटेंशन के लिये मंजूर नहीं किये जाते और लोक सभा में वे विषय ले लिये जाते हैं और उनके लिये वहां उन को मंजूरी मिल जाती है । जैसे यू एन स्टेडी :....

श्री उपसभापति माननीय सदस्य पहले भी यह बात कह चुके हैं । आप घंटा भर बोलना चाहते हैं तो बोल लीजिए, लेकिन इस के लिये व्यवस्था का प्रश्न उठा कर न बोलें । इस में व्यवस्था के प्रश्न की कोई बात नहीं है ।

श्री शिव चन्द्र झा : मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि कालिंग अटेंशन में महत्वपूर्ण विषय को आप मंजूर नहीं करते हैं लेकिन देश के लिये वे विषय महत्वपूर्ण होते हैं और आज स्थिति यह है कि वे विषय लोक सभा में मंजूर कर लिये जाते हैं और उन पर मंत्रीगण अपने बयान देते हैं और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्रों में उन की प्रतिक्रिया होती है । हम लोगों को उन विषयों को उठाने से वंचित किया जाता है और उन मौकों से वे लोग लाभ उठाते हैं । यह एक बहुत बड़ा प्वाइंट है जो आप के पास है काश्मीर में जो यू एन स्टेडी हुई उस के लिये हम लोगों ने आप के पास कालिंग अटेंशन के लिये भेजा है । आप उस को मंजूर कीजिए । इसी तरह से और भी विषय हैं जिन को मंजूर किया जाना चाहिए ।

CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

The situation arising out of the acute shortage and non-availability of Kerosene and Diesel in various parts of the country

श्री कल्प नाथ राय (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, देश के विभिन्न भागों में मिट्टी के तेल तथा डीजल की भारी कमी तथा उन के उपलब्ध न होने से उत्पन्न स्थिति और इस स्थिति में सुधार करने के लिये सरकार द्वारा

[श्री कल्प नाथ राय]

उठाये गय कदमों की ओर पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री का ध्यान दिलाता हूं ।

पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : श्रीमन, माननीय सदस्यों ने देश के विभिन्न भागों में मिट्टी के तेल और डीजल की बेहद कमी तथा इनके उपलब्ध न होने के कारण उत्पन्न परिस्थिति तथा इस स्थिति में सुधार करने के लिए सरकार द्वारा उठाये गये कदमों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया है ।

मैंने इस सदन में दिनांक 24 नवंबर, 1978 को दिए गये वक्तव्य में पहले ही इस बात का उल्लेख कर दिया था कि देश भर में कुल मिला कर सप्लाई संबंधी स्थिति जबकि संतोषजनक है वहां पर उत्तर पश्चिम क्षेत्र के भाग में, जिसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और दिल्ली आते हैं, डीजल तेल की उपलब्धता संबंधी कुछ समस्यायें रही हैं । जिन अनेक प्रतिकूल बातों से कठिन उत्पाद संबंधी सप्लाई, परिस्थिति उत्पन्न हुई उनका उल्लेख मैंने सदन में दिनांक 24 नवम्बर, 1978 को प्रस्तुत अपने वक्तव्य में किया था ।

तब से इस स्थिति में कुछ सुधार हुए हैं । पत्तन तथा गोदी कामगरों की हड़ताल, जिससे स्थिति और बिगड़ सकती थी, समाप्त कर दी गयी है । इसके अलावा बरौनी तेल शोधक कारखाने के विभिन्न संघों के साथ किए गये विचार विमर्श के बाद इस शोधन शाला में इस माह के प्रारम्भ से अब तक दैनिक कच्चे तेल के उत्पादन को कुल मिला कर सामान्य स्तर तक पुनः ला दिया गया है । बरौनी में अब जो अतिरिक्त उत्पादन उपलब्ध है उन्हें पाइपलाइन के जरिये कानपुर भेजा जा रहा है जो कि उत्तर पश्चिम क्षेत्र के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण मांग पूरा करने वाला स्थान है । इससे पहले बरौनी शोधनशाला में श्रमिक संबंधी समस्याओं के कारण उत्पादन में हानि हो जाने के परिणाम स्वरूप कानपुर में उत्पाद के बहुत कम भण्डार को ध्यान में रखते हुए, कानपुर से विभिन्न डिपो तक, इन उत्पादों को रेल द्वारा ले जाने से संबंधित स्थिति पर बहुत गंभीर प्रभाव पड़ा था । कानपुर में इन उत्पादों की उपलब्धता में पहले से ही सुधार होने लग गया है और कानपुर में इन उत्पादों की उपलब्धता तथा रेल से माल ले जाने संबंधी स्थिति में शीघ्र सुधार हो जाने की आशा है । इससे इन उत्पादों को उत्तर पश्चिम प्रदेश के विभिन्न डिपुओं तक और तेजी से ले जाना सुनिश्चित हो जायेगा ।

तब से उत्तर पश्चिम प्रदेश के भागों में डीजल की सप्लाई संबंधी स्थिति में पहले से सुधार हो गया है, यद्यपि इस स्थिति में अभी पूरी स्थिरता आनी बाकी है । उत्तर पश्चिम प्रदेश मे नवम्बर माह के दौरान डीजल तेल की जो वास्तविक बिक्री हुई है वह पिछले वर्ष नवम्बर, के दौरान इस उत्पाद की बिक्री की अपेक्षा कहीं अधिक है । इसी प्रकार से दिसम्बर, के पहले 9 दिनों के दौरान इस सारे प्रदेश में डीजल की जो बिक्री हुई है वह भी दिसम्बर 1977 के दौरान इस उत्पाद की दैनिक औसत बिक्री की तुलना में लगभग 14% अधिक है ।

जहां तक मिट्टी के तेल का संबंध है, यहां इस बात का उल्लेख कर दिया जाये कि साफ्ट कोक जैसे अन्य वैकल्पिक ईधनों के अपर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने के कारण पिछले कुछ महीनों में इस उत्पाद की मांग में अत्यधिक वृद्धि हुई है । देश भर में मिट्टी के तेल की सप्लाई, कुल मिलाकर सामान्य है और उत्तर पश्चिम प्रदेश में नवम्बर, 1977 के दौरान इस सारे प्रदेश में मिट्टी के तेल की बिक्री की तुलना में नवम्बर, 1978 के दौरान मिट्टी के तेल की बिक्री लगभग 16% अधिक हुई है । फिर भी, पिछले कुछ दिनों में उत्तर पश्चिम प्रदेश के कुछ भागों में मिट्टी के

तेल की उपलब्धता संबंधी कुछ समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। इसका कारण यह है कि मिट्टी के तेल के भण्डार को, जो कि दिनांक 24 नवंबर, 1978 को दिये गये मेरे वक्तव्य में उल्लिखित कारणों से समाप्त हो गया था इस उत्पादन को लाने ले जाने संबधी बाधाओं को देखते हुए पुनः एकत्र नहीं किया जा सका।

खपत वाले स्थानों पर इस उत्पाद को उपलब्ध करने से संबंधित स्थिति सुधारने के लिए पहले से ही अनेक कदम उठा लिए गये हैं ये कदम निम्नलिखित है :—

I. डीजल तथा मिट्टी के तेल की मांग को पूरा करने के लिए इन उत्पादों को तत्परता से ढोने के लिए रेलवे से बहुत नजदीकी सम्पर्क बनाया हुआ है।

II. प्रत्येक राज्य की राजधानी के लिए तेल कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से नामित विशेष अधिकारी राज्य सरकारों को इस स्थिति पर पूरी तरह से परामर्श दे रहे है ताकि इन उत्पादों के उचित वितरण को सुनिश्चित किया जा सके। दुर्गम क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के लिए तेल कंपनियों द्वारा प्रत्येक डिपो के लिए संयुक्त रुप से नामित अधिकारियों द्वारा स्थानीय स्तर पर इसी प्रकार का संपर्क बनाय रखा जा रहा है।

III. अवांछनीय तत्वों द्वारा इन उत्पादों का गला जमा करने तथा चोरबाजारी के विरुद्ध अपेक्षित कदम उठाने के लिए राज्य सरकारों से भी अनुरोध किया गया है।

ईरान से कच्चे तेल की सप्लाई से संबंधित स्थिति बराबर अनिश्चित बनी हुई है। नवम्बर तथा दिसम्बर, 1978 के दौरान 1.1 मि० मी० टन से कुछ ऊपर कच्चे तेल की योजनाबद्ध उठाने की अपेक्षा ईरान से पहल ही लगभग 0.2 मि० मी० टन कच्चा तेल उठा लिया गया है। इस अवधि के दौरान वैकल्पिक संसाधनों से लगभग 8 मि० मी० टन कच्च तेल को उठाने के लिए पहले से ही व्यवस्था कर ली गई है। ईरान से कच्च तेल को उपलब्ध करने से संबंधित स्थिति पर बराबर निगरानी रखी जा रही है और ईरान से उपलब्ध होने वाले कच्च तेल की और कमी को पूरा करने के लिए अपेक्षित कदम उठाये जा रहे हैं। इसके अलावा मांग को पूरा करने के लिए डीजल तेल तथा मिट्टी के तेल सहित अतिरिक्त उत्पादों का आयात करने के लिए भी कदम उठा लिए गये हैं।

डीजल तथा मिट्टी के तेल की सप्लाई से संबंधित स्थिति का विशेषकर उत्तर पश्चिम प्रदेश में इसका बराबर पुनरीक्षण किया जा रहा है। पहले से उठाये गये कदमों के अनुसरण में गतिशील तथा पर्याप्त मात्रा में रेल की गतिविधि के संबंध में रेल तथा इन उत्पादों के उचित वितरण के संबंध में राज्य सरकारों द्वारा प्रदान किये जाने वाले सहयोग से इस स्थिति में और सुधार होने की आशा है।

श्री कल्पनाथ राय: उपसभापति महोदय मंत्री महोदय एक बहुत ही कुशल प्रशासक हैं और इनके मंत्रालय मे रहते हुए भी इस समय, उत्तर प्रदेश की वही स्थिति हो गई है जो आप पर जब मुख्य मंत्री का भार था 1974 में उस समय भी बिलकुल मिट्टी का तेल या डीजल नही मिलता था। इस समय उत्तर प्रदेश में बहुत से किसानों ने मेरे पास पत्र लिखे हैं। आजमगढ़, गोरखपुर, गाजीपुर, बलिया, पूर्वी उत्तर प्रदेश जिसकी जानकारी मुझे है डीजल बिलकुल नहीं मिल रहा है।

श्री श्यामलाल यादव (उत्तर प्रदेश) : सारे प्रदेश में नहीं मिल रहा है।

श्री कल्पनाथ राय : सारे प्रदेश में नहीं मिल रहा है। जहां से मेरे पास पत्र आये हैं उन्होने बताया है कि ट्रैक्टर, है वे चलने बन्द

[श्री कल्प नाथ राय]

हो गये हैं और पूरे हिन्दुस्तान का उत्तरी भाग, नार्थ इंडिया ही अन्न पैदा करने में सबसे आगे हैं। ऐसी स्थिति में एक बड़ा संकट उपस्थित हो गया है। लोग यह कहते हैं कि डीजल के लिये अगर हम दुगुना दाम दे दें तो हमें मार्किट में मिल जाएगा लेकिन फेयर प्राइस शाप पर डीजल नहीं मिलेगा। यह सेकट उत्तर प्रदेश में हैं। मैं मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि आज की परिस्थिति में जब कि अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं, दुनिया में डिटांट एक दम असफल सा हो गया है और दुनिया के पैमाने पर साउथ ईस्ट एशिया में युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं इस स्थिति में तेल का बड़ा महत्व है। तेल के क्षेत्र में सेल्फ रिलायंस को प्राप्त करना हमारा सबसे बड़ा उद्देश्य होना चाहिये और तेल के क्षेत्र में मैसिव इन्वेस्टमेंट होनी चाहिए।

दूसरी बात यह कहनी है कि आज की परिस्थिति में अगर तेल के क्षेत्र में आत्म-निर्भरता को प्राप्त नहीं किया जाएगा तो Our national sovereignty will be in danger if self-reliance in the field of oil is not achieved. क्योंकि आज हर राष्ट्रीय प्रभुता का और तेल का बड़ा गहरा रिश्ता है। ऐसी स्थिति में डीजल के प्रश्न पर बहुगुणा जी जैसे एक कुशल मंत्री को अधिकाधिक ध्यान देना चाहिये यों जो जनता सरकार है वह पब्लिक सैक्टर को डिस्ट्राय करने पर तुली हुई है। मोरारजी भाई को तो ऐसा लगता है कि पूरे देश की पब्लिक सक्टर, एकोनोमी को नष्ट करने का एक ठेका ल लिया है। ऐसी स्थिति में मैं जनता सरकार का बड़ा क्रिटीसाइजर हूं लेकिन इसमें जो समाजवादी, सेक्युलरिज्म नेसनलिज्म डेमोक्रेसी की नीतियों के कठोरतम समर्थक हैं और जवाहरलाल जी के कठोरतम समर्थक के रुप में बहुगुणा जी केबिनेट में हैं, वह तेल के महत्व को अच्छी तरह से समझते हैं। आज की पूरी दुनिया, देश की आजादी और पूरी नेशनल सीक्रेनिटी इस तेल से जुड़ी हुई है। हमें पता है कि हमारे देश में 11 मिलियन मीट्रिक टन तेल पैदा हो रहा है और 13 मिलियन मीट्रिक टन तेल हम विदेशों से मंगा रहे हैं। आदरणीय बहुगुणा जी ने कोशिश करके एक मीलियन मीट्रिक टन रूस से प्राप्त किया है लेकिन 13 मिलियन मीट्रिक टन की तेल की कमी है वह हम ईरान और ईराक से प्राप्त कर रहे हैं। इसी के कारण एक बहुत ही विषम स्थिति हमारे देश में पैदा हो गई है लेकिन अगर तेल के क्षेत्र में मेसिव इन्वस्टमेंट नहीं किया जाता है तो अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियां जो तेजी से बदल रही हैं डिटांट फेल हो गया है, साउथ ईस्ट एशिया में युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं और जो हमारी एग्रीकल्चर इकोनोमी डिपेंड करती आ रही है फर्टीलाइजर और तेल के ऊपर तो यदि तेल के क्षेत्र में मेसिव इन्वेस्टमेंट सरकार के द्वारा नहीं होता है तो भारत की आजादी को जबर्दस्त खतरा पैदा हो सकता है। इसी दौर में जो हमारा एनर्जी स्त्रोत है न्यूक्लियर--इस न्यूक्लियर पालिसी के आगे अमरिकी दबाव में यह जनता सरकार लगातार घुटने टेकती जा रही है। भारत का भविष्य जिस एनर्जी पर मुनसिर करता है, आयल पर मुनसिर करता है और न्यूक्लियर एनर्जी जो हमारे भविष्य की ओर देश की आबादी की रक्षा करने वाली है इसके लिये जनता सरकार अमरीकी दबाव में आकर घुटने टेकती जा रही है। ऐसी स्थिति में बहुगणा जी से और कोई निवेदन नही कर सकता लेकिन इतना जरुर कहुंगा कि इस तेल के क्षेत्र में मेसिव इन्वेस्टमेंट कराने की ओर भारत की सार्वभौमिकता की रक्षा करने के लिये मुल्क को न्यूक्लियर, जो एनर्जी का स्त्रोत है उसके ऊपर खड़ा करने के लिए इनके अलावा जनता सरकार की केबीनेट में और कोई भी आदमी नहीं है जो कि ठीक ढंग से इन प्रश्नों पर लड़ सके।

[श्री कल्प नाथ राय]

मैं एक बात और निवेदन करना चाहता हूं कि राम नरेश यादव की सरकार यू० पी० में है । जो केन्द्र सरकार होती है वह राज्यों को तेल की अलाटमेंट करती है । राजस्थान के मुख्य मंत्री ने बताया कि राजस्थान मे तेल का कोई संकट नहीं है लेकिन उत्तर प्रदेश के अंदर तेल का संकट क्यों है जबकि केन्द्र सरकार ने तेल का अलाटमेंट विभिन्न प्रांतों को किया है । श्रीमन् मैं यह भी मानता हूं कि रेलवे बैगनों की कमी के कारण भी हमारे देश मे तेल का संकट पैदा हो गया है । तेल की कमी का एक कारण यह भी मालूम पड़ता है कि ईरान के अन्दर गड़बड़ी की स्थिति चल रही है । इसके अलावा कुछ दिन पहले हमारे देश के बन्दरगाहो पर मजदूरों द्वारा हडताल की गई । इस कारण से भी तेल और डीजल का संकट पैदा हो गया है । लेकिन मेरा कहना यह है कि एक तरफ तो इस प्रकार का संकट है और हमारे देश के कुछ भागों में तेल और डीजल का गम्भीर संकट उत्पन्न हो गया है, लेकिन दूसरी तरफ क्या कारण है कि राजस्थान के मुख्य मंत्री कहते हैं कि राजस्थान के अन्दर हम किसानों को ट्रेक्टर चलाने के लिए डीजल दे सकते है ? मैं साफ तौर पर जानना चाहता हूं कि जब एक राज्य में डीजल की कमी नहीं है तो क्या कारण हैं कि उत्तर प्रदेश और बिहार के अन्दर डीजल और मिट्टी का तेल बिलकुल नही मिल रहा है ? मैं समझता हूं कि इस प्रकार की हालत से यह साफ मालूम होता है कि केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्य सरकारों को डीजल का जो वितरण किया जाता है उसमें बहुत बड़े पैमाने पर ब्लैकमार्किट किया जाता है । उत्तर प्रदेश और बिहार में निकम्मी सरकारें इस संकट को हल नहीं कर पा रही हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार में अगर किसानों को डीजल नही मिला तो वहां पर खेती के लिए एक बहुत बड़ा संकट उत्पन्न हो जाएगा । आज उत्तर प्रदेश और बिहार में यह स्थिति हो गई है कि किसान लोग ट्रेक्टरों से अपनी खेती नहीं कर पा रह हैं । इसलिए इस ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से मैं केन्द्रीय सरकार से यह मांग करता हूं कि उत्तर प्रदेश और बिहार की सरकारों को फोरन बर्खास्त किया जाये क्योंकि इन राज्यों मे बहुत बड़े पैमाने पर मिट्टी के तेल की और डीजल की ब्लैकमार्किटिंग चल रही है । आजमगढ़, गोरखपुर और बलिया आदि स्थानों से हमारे पास पत्र आए हैं कि वहां पर बहुत बड़े पैमाने पर तेल की ब्लैकमार्किटिंग चल रही है और अधिक दाम दे कर जितना तेल चाहे उतना तेल मिल रहा है । लेकिन बिहार और उत्तर प्रदेश की सरकार इस बारे में कुछ नही कर रही है । ऐसा लगता है कि कुछ लोगों ने हमारे देश में तेल की आर्टिफिशियल स्केयरसीटी पैदा कर दी है । डीजल के प्राइवेट डीलर्स अपने पास तेल का स्टाक जमा करते जा रहे है और बाद में उसको ब्लैकमार्किट में बेच रहे हैं । उत्तर प्रदेश और बिहार की सरकारें इतनी निकम्मी हो गई है कि वे इस संकट को हल करने के लिए कुछ नही कर रही है । केन्द्रीय सरकार इन सरकारो को हटाना नहीं चाहती है । ऐसी स्थिति में पेट्रोलियम मिनिस्टर महोदय से मैं इस बात की रिक्वेस्ट करूंगा कि वे पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के माध्यम से और खास तौर पर खेती में ट्रेक्टरों के इस्तेमाल के लिए डीजल के वितरण की व्यवस्था करें । हमारे देश में जो गरीब लोग मिट्टी के तेल का इस्तेमाल करते हैं, जो झौपड़ियों में रहते है उनको मिट्टी के तेल का वितरण पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के माध्यम से होना चाहिए । इन चीजों का वितरण प्राइवेट औनर्स के हाथ मे नही होना चाहिए । इन शब्दों के साथ मै मंत्री महोदय का ध्यान उत्तर प्रदेश के किसानों को जिस संकट का सामना करना पड़ रहा है उसकी ओर दिलाता हूं और यह निवेदन करना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में मिट्टी का तेल और डीजल न मिलने के कारण भारी संकट पैदा हो गया है । सारे नार्थ इंडिया में रबी मौसम की बोआई के लिए कठिनाई पैदा हो गई है । उत्तर प्रदेश में और बिहार में इन चीजों के न मिलने के कारण रबी अभियान को

श्री कल्प नाथ राय

जो नुक्सान हो रहा है उसको दूर करने के लिए मंत्री महोदय कोई ठोस कार्यवाही करें । हम लोग यहां पर किसानों की तरफ से निवेदन करने के लिए आए है, हम कोई शिकायत करने नहीं आए हैं । क्या आप इस संकट को दूर करने के लिए कोई ठोस कदम उठाएंगे ?

SHRI S. W. DHABE (Maharashtra): Sir, on a point of order, before the Minister rises to reply. Today is the day for Private Members' Business But the position as it appears now is that private Members' Resolutions will not On a Private Members' day all Government business should be suspended, otherwise, we should have started at 2 o'clsock itself. If the Calling-Attention goes on till 5 o' clock, Private Members' Resolutions will not be taken up at all. There are very important Resolutions under discussion. I therefore request you to use your discretion and postpone this Calling-Attention to Tuesday and take up Private Members Resolutions. One Resolution is under discussion and there are two more Resolutions stated. They cannot be egnored. In fact, on a Private Members' day Government business should not be taken up at all, this Calling-Attention should not have been placed for Friday. Private Members' Resolutions do not get any time. If this is the position, then we can as well abolish the day for Private Members Resolutions and Private Members' Bills. I therefore, request you to give your ruling and agree to the postponement of the Calling-Attention. There is all praise for the Petroleum Minister from the other side and there is not urgency. Sir. I want your ruling.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I would only request honourable Members to be brief so that we can go to take up the Non-official Business as early as possible.

श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा : मान्यवर, माननीय कल्पनाथ जी ने बहुत सारे प्रश्न उठाये हैं जो कि काल-अटेन्शन से सम्बन्धित नहीं हैं । मैं उस के सम्बन्ध में इतना ही कहूंगा कि तमाम सारी बातों के सम्बन्ध में उनकी धारणा निराधार है जैसा कि अटामिक इनर्जी के सिलसिले में इस सरकार की नीति इत्यादि के बावत उन्होंने उठाया है । जहां तक उन्होंने डीजल और केरोसीन की शार्टेज का प्रश्न उठाया है उसके कारणों पर उन्होंने स्वयं प्रकाश डाल दिया है कि किस तरह से यह कमी आई है । मैं तो सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि वर्तमान स्थिति क्या है । उनके पास यह सूचना है कि डीजल पूर्वांचल में नहीं है । मैं एक ही उदाहरण देकर उत्तर प्रदेश की जो स्थिति है उसे स्पष्ट करना चाहता हू । पूर्वांचल में गोरखपुर और बस्ती में जो हमारे डिपो है मैंने वहां पता लगाया कि कितना डीजल हमारे डिपो से निकला है । 849 किलो लीटर डीजल उठा है और 1828 किलो लीटर वही स्टाक में मौजूद है । कमी का कोई प्रश्न नहीं आना चाहिए । हमने प्रदेश सरकारों को लिखा है और डिपो पर अपने कोआर्डिनेट भी बिठलाये हैं कि वे सप्लाई आफिसर्स के साथ मिलकर इसे बांटने का काम करे । हमारी तरफ से प्रदेश सरकारों से प्रार्थना भी की गई है । हमारे हाथ में अधिकार सिर्फ भेजने का है । ब्लैक मार्केटिंग कहां होती है, उसको पकड़ना एसेशियल कमोडिटीज ऐक्ट के मातहत राज्य सरकारों का काम है । यह उनके अधीन आता है वह उसको पकड़ सकते हैं । अगर पैट्रोल पम्प वाले गड़बड़ी करते हैं तो हमने प्रदेश सरकारों से कहा कि वे इसकी शिकायत हमें करें हम उनके लाइसेंस रद्द कर देंगे, कैंसिल कर देगे और किसी दूसरे आदमी को वह काम दे देगे ।

जहां तक पूर्वांचल का सवाल है किसी जगह पर भी कमी डीजल की नहीं है । जहां तक डीजल का प्रश्न है, जहां तक पूरे पश्चिमी इलाके का प्रश्न है चाहे वह राजस्थान

हो, चाहे पंजाब, चाहे हरियाणा हो और चाहे उत्तर प्रदेश हो, इसको अगर मान्यवर हम देखें पूरे तौर से तो 1977 में हम जितना रोजना देते थे, बिक्री हम करते थे, मेरे पास पूरे का पुरा पूरा चार्ट है। वह इतना लम्बा है कि इतना पढना सम्भव नही होगा। उदाहरण के लिए दो तीन बातें ही मैं यहां पर देता हू। शकूरबस्ती दिल्ली से 1977 में हम 846 किलो लीटर प्रति दिन डीजल बाहर भेजते थे। इस मर्तबा 6 तारीख को हमने 1765 किलो लिटर बाहर भेजा। हम यह कोशिश कर रहे हैं कि लोगों की समझ में आ जाय कि इस चीज की कोई कमी नही है। जो कमी हुई थी उसको हमने विदेशों से बन्दोबस्त करके पूरा करने की चेष्टा की है और इसमें हमें कामयाबी भी मिली है। और आखिर में सद्-बुद्धि आई है सब तरफ से, पोर्ट की स्ट्राइक जल्दी 12 दिन में खत्म हो गई और बरौनी में भी काम करीब-करीब पूरा आ गया है। इस लिए दिक्कते कम हो गई है।

अम्बाला में 403 किलो लीटर का एवरेज 1977 में था। इस दिसम्बर के महीने में 6 तारीख को हमने 888 किलो लीटर बाहर निकाला है। उसी तरह से हिसार में 425 किलो लीटर का एवरेज था, 614 किलो लीटर हमने बाहर निकाला है। पूरे हरियाणा में प्रतिदिन 828 का एवरेज था 1502 किलो लीटर एक रोज मे पहुचा रहे हैं। मैं पिछले साल और इस साल का यह एवरेज बता रहा हूं। इसी तरह से हम लोगों ने पंजाब में और सब जगह पहुंचाया है।

उत्तर प्रदेश के आगरा आदि कुछ स्थानों में कुछ कमी जरूर रही है। उसके कारण से कमी आई है। लेकिन जहां तक पूर्वांचल का प्रश्न हैं, इलाहाबाद, मुगलसराय, कानपुर, गोरखपुर और बस्ती जो हमारे केन्द्र है जहां से पूरे पूर्वांचल को सप्लाई होता है, उस पूर्वांचल में हमने 2899 किलो लीटर 6 तारीख को रिलीज किया था और 13469 किलो लीटर वहां हमारे स्टोर में मौजूद है। मेरी समझ में यह नही आ रहा हैं कि अगर यह स्थिति है तो व्यवधान वितरण व्यवस्था में कहां आ रहा है और अधिकारी क्यों नहीं कर रहे हैं मेरे पास उत्तर प्रदेश के चीफ सेक्रेटरी का टेलीग्राम भी आया है। मैंने आई० ओ० सी० से कहा है और मान्यवर, मैं करीब-करीब हर चीफ मिनिस्टर, फूड मिनिस्टर और कही-कही चीफ सेक्रेटरी का भी ध्यान आकृष्ट करता रहा हूं कि उनके यहां क्या हालत है। चीफ सेक्रेटरी उत्तर प्रदेश ने लिखा है कि हमारे पूर्वांचल में स्थिति ठीक हो गई है। थोड़ी आगरा और सहारनपुर में शिकायत बताई थी। उसको भी पूरा कर दिया गया है। जो हमने पूरा किया है उसको भी मैं बताना चाहता हूं। हमने कोयाली से, टूंडला से, कानपुर से, सावरमती इस पश्चिमी क्षेत्र के लिए रेलें चलाई हैं। इस ओर हमारी पूरी कोशिश हो रही है। हम चाहते थे 450 वैगन रोज चला दें और इसलिए चलाना चाहत थे कि अगर देश मे कहीं . . . . .

श्री श्याम लाल यादव : चीफ सेक्रेटरी ने जो लिखा है उसकी सत्यता के लिए कृपया दिल्ली से बनारस जायं। यहा हर पेट्रोल पम्प पर डीजल के लिए ट्रक्टर कारें और ट्रक वालों की सकड़ों की संख्या में लाइन लगी रहती है। अभी परसों ही हमने देखा। यह चीफ सेक्रेटरी का जो बयान है यह बिल्कुल झूठ है। वहां के फूड मिनिस्टर ने वहां इस पर राशनिंग लागू कर दिया है पेट्रोल डीजल और केरोसीन आयल पर तो कैसे राशनिंग लागू की है इसको जरा बताइयेगा। चीफ सेक्रेटरी गलत बयान दे रहे हैं।

श्री हमवती नन्दन बहुगुणा : मैं एक बात कह रहा हूं मैंने बनारस के आपको फिगर पढ़ कर अभी सुनाये हैं, मैं मुगलसाराय के देता हूं। 597 किलो लीटर 6 तारीख को रीलिज किया 3703 किलो लीटर हमारे डिपोट में मौजूद है। इसका अर्थ है कि वहां जितना

[श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा]

चाहिए उस हिसाब से 6 रोज से ऊपर का कवर मुगलसराय में मौजूद है। जो एक स्थिति पैदा हो गयी है जैसे आज एक फोटो छपा है दिल्ली का 5-5 लीटर के नहीं बल्कि गैलन के टीन लेकर लोग करोसीन आयल लेने गये हैं। यह नेचुरल नहीं है मेरी एक प्रर्थना सदन से है कि 24 को यहां एक प्रश्न सदन में आया था अगर रोज आयेगा तो रोज जवाब दूंगा कि एक ऐसा वातावरण बन गया है जिस से एक घबराहट पैदा हो गयी है और उस घबराहट में लोग ज्यादा से ज्यादा खरीदना चाहते हैं। मान्यवर, एक बात और है कि हमारा महकमा कोयले की कमी को मिट्टी के तेल के जरिए पूरा नही कर सकता है। अगर कोयला नही है तो मैं उसको पूरा करने के लिए मिट्टी के तेल के द्वारा उस खपत को पूरा नहीं कर सकता हूं। वह कठिनाई अपनी जगह पर रहेंगी चूंकि साफ्ट कोक नहीं है। जहां तक माननीय सदस्य श्याम लाल यादव ने कहा मुझे कोई आपत्ति नहीं है। मैं आज ही डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट बनारस फूड डिपार्टमेंट के और हमारे आफिसर की एक ज्वाइंट रिपोर्ट बना कर कल पत्र द्वारा भिजवा दूंगा

(Interruptions)

श्री श्याम लाल यादव : मैंने खुद देखा है रोड्स पर . . .

(Interruptions)

श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा : सारे आजमगढ में अच्छा हाल है। मैं वहां का पता कर दूगा।

जहां तक माननीय सदस्य ने यह सवाल उठाया है कि आयल इंडस्ट्री में इन्वेस्टमेंट बहुत होना चाहिए मैं कुछ आश्वासन देना चाहता हूं कि 37 रिग्स हैं जो तेल खोजने का काम कर रही हैं? इतनी रिग्स इस देश में इक्ट्ठी कभी काम नही करती रही है और ओ० एन० जी० सी० को 30 फीसदी ज्यादा पैसा आपके सदन ने और उस सदन ने दिया है पहले के मुकाबले में और वह देते जायेंगे। इसमें कोई कमी आने वाली नही है।

मान्यवर, एक चीज उन्होंने कही है पब्लिक सेक्टर की, इस पब्लिक सेक्टर के ऊपर पूरी बहस तो आप कभी भी कर सकते हैं, मैं, उद्योग मंत्री और सब लोग बयान देंगे लेकिन जहां तक इसका सवाल है तो आयल के क्षेत्र में तो पब्लिक सेक्टर को छोड़ कर कुछ है ही नहीं और हमारी पूरी चेष्टा है कि हम और ज्यादा काम करें। सदन को यह जानकर खुशी होगी कि वियतनाम के लोग हमसे चाहते हैं कि हम वहां काम करें, तंजानिया के लोग चाहते है कि हम वहां काम करें। हमने निश्चय किया है कि जितनी हमारी शक्ति है इसको बढ़ा कर संभव हो तो हम वहां काम करें।

एक चीज और कह कर मान्यवर, मैं समाप्त करूंगा। एक प्रार्थना है कि इस सबके बावजूद जो तेल हमारे पास 6 तारीख को था, 7 तारीख को दिल्ली में 3000 किलो लीटर के दो रेक्स और आये मिट्टी के तेल और एच० एस० डी० के, अम्बाला में 15 सौ किलो लीटर, मेरठ में 15 सौ किलो लीटर, आगरा में 15 सौ किलो लीटर, बरेली में 15 सौ किलो लीटर गया है। केवल 7 तारीख को ही अकेले गया है पटियाला में 15 सौ किलो लीटर गया है, कोटकपुरा, पंजाब में एक जगह है, अमृतसर में, जम्मू में 15 सौ किलो लीटर गया है। यह एक रोज में 7 तारीख को पहुंचा है जो कि 2-3 दिन का कवर है। मेरी एक प्रार्थना है किसान भाइयों से और सवाल करने वालों से कि ईरान की कमी को पूरा करने का बंदोबस्त हमने किया है। 15 लाख टन की कमी नहीं थी बल्कि 1.1 मिलियन टन करीब 11 लाख टन की कमी थी। इसमें से दो लाख टन तो उधर से आ गया और 8 लाख टन हमने बाहर से सामान जैसे ईराक और दूसरे देशों से खरीद लिया है जो कि चल पड़ा है, इस तरह से नवम्बर-दिसम्बर की कमी को पूरा किया है और आने

वाले वर्ष के लिए भी कमी पूरी करने की व्यवस्था हम कर रहे हैं। ईरान के संबंध में अनिश्चितता को ध्यान में रख कर हम कमी को पूरा करने का बंदोबस्त कर रहे हैं ताकि भविष्य में यह कमियां न आ पायें।

SHRI JAGJIT SINGH ANAND (Punjab): Sir, I am thankful to the honourable Minister for the statement that he has made. But, first of all, I would like to point out to him one thing. जब आप बात करते हैं तो समझ पड़ता है। परन्तु जब आप पढ़ कर सुनाते हैं तो हमारी समझ में नहीं पड़ता है।

First, Sir, I thought that there was something wrong with my Hindi. But I was following the Hindi of Mr. Kalp Nath Rai and your Hindi also I was following. But the Secretary of yours who wrote this note was only telling this. In this connection. I want to point out, Sir, that there is a proverb in my language:

'थुक्कां नाल पकौड़े नई पकदे'

And I would add:

'आंकाड़यां नाल ठिड नई भरदे'

Merely repeating of statistics does not fill the belly. Why am I saying this? I am saying this because when the hon. Minister spoke on the 24th November, he told me that the Punjab Chief Minister said that the picture was very rosy, and that he was also taken in. But since the 24th November, I want to tell him in all honesty things have worsened in the Punjab. I just come to why they have worsened. It is impossible to travel by road in a car because wherever there is a petrol pump, you cannot negotiate the number of trucks and tractors that are standing—so much so that in Haryana, near Kurukshetra there was a road block for more than 8 hours because no diesel was available and all the tractor-walla as got so angry that they lined up their tractors there on the road. Not only that. I have been sending calling attention motions to the Chairman—I do not have the cuttings with me today—about the price of kerosene. The price of 'mitti ka tel' has gone up from Rs. 1.30 a litre to Rs. 2 or Rs. 2.20, but still it is not available. Here I want to say, Sir, that we do not have to go far away. Let the hon. Minister go to the guards standing at his door and ask them. They say that kerosene is not available, soft coke is selling at more than double the price, hard coke is not also available. I know that your Ministry is not concerned with this, but when there is already power shortage, when everybody cannot go in for gas, the only medium of cooking, specially when we have entered the period of deep winter, is either kerosene or coal. And when kerosene and coal are simultaneously missing, you can understand what the situation is.

I would not go on reading from newspaper cuttings of the last three days about the situation in Delhi. The National Herald, the Hindustan Times and the Indian Express, all talk of the worst crisis in the capital city in history. Now, Sir, the hon. Minister has talked about the north-western region—Uttar Pradesh, Delhi and Punjab. But Bhopal is not a part of the north-western region. I am quoting from the Hindustan Times: Diesel shortage in Bhopal is of a terrific nature. I want to ask the hon. Minister: Is he aware that up to Rs. 150 crores worth of crops will be lost, because diesel was not available in Haryana and Punjab alone? Is he aware of ths Despite all the efforts made by him, and all the rosy picture that was depicted by the Punjab Minister the other day, the shortage continues to be acute and in such a period, the sowing period, already foodgrains worth Rs. 150 crores are lost, because they have not been able to sell them in time.

[Shri Jagjit Singh Anand]

Sir, then I want to ask him specially about Delhi itself. According to the Hindustan Times of 7th December:

'Half a day stock of kerosene is available;

No stock of coal;

Situation is grim'.

K. N. Sahni said:

'If go-slow in Barauni does not end, situation will be worse'.

This is yesterday's 'Hindustan Times' I am quoting: M. L. Khurana dashes three times from here to Calcutta for coal and kerosene. I do not know what kerosene has to do with Calcutta coal definitely has to do with it. But I am only quoting from the paper. Maybe, kerosene has also got to do something with Calcutta. I am not aware of that.

Then, Sir: Kerosene to be rationed in Delhi; 4-unit cards will get 4 litres of kerosene per fortnight. A train of 2000 kilo litres was to arrive. He was giving some figures. Sir, the trouble is so serious. There are queues and queues, specially in trans-Jamuna areas, people go on standing for hours and hours, people have gone from place to place, house-wives have gone from place to place, in trans-Jamuna areas, for a bottle of kerosene. Then, Sir, the proper size of the bottle is not being given. Bottles are being substituted so that they are not 650 mm. Then, Sir, I want to ask from Mr. Bahuguna: Is he aware that roaring black-marketing is going on in Delhi? Does it have something to do with the colour of the Delhi Administration, because the people who indulged in black-marketing in kerosene and coal, *voh samajhte the*:

सैयां भये कोतवाल अब डर काहे का ।

Those who have come to control the Delhi Administration, are notorious; they have been blackmarketeers of the country for the last three decades. When they are controlling it, why bother about black-market? Is it because this can be one of the factors? It is good that he has clarified later on that the .8 million tonnes of loss that was there from Iran is being made good elsewhere because I am all for figures going out from this House which will encourage the situation. One reason for this scarcity that has been created is because the people are not sure of the morrow. Now he has said that he has arranged .8 million tonnes from Iraq. He did not say so originally. He should keep back anything that would lead to any sort of misgivings among the people. The situation is going to be worse because that job is being done very well by Shri Kidar Nath Sahni and by Shri Madan Lal Khurana who is rushing to Calcutta. Shri Bahuguna should leave it. Though he is in uncomfortable company, he should leave the scarcity mongering which the Delhi Administration has done. Lastly I would ask him whether, despite all the feeding that he is doing in this matter, does he not think that the distribution system is a total failure? Does he not think that something more has to be done? He was quoting Ambala, Sakur Basti and Amritsar. When more than double is being brought in, what is this scarcity due to? Though it does not concern his Ministry, it concerns his Government. Very severe measures will have to be taken to take away this job of kerosene distribution from those who indulge in black-marketing. This black-marketing has been there for almost two weeks. How many kerosene dealers have been punished? How many licences of kerosene dealers have been cancelled? How many licences of coal depot holders have been cancelled? How many people have been brought to book? Has anybody been put inside the jail for this? They are just playing with the lives of the people. I would request him to enlighten me on these things. I would be very thankful to him.

SHRI H. N. BAHUGUNA: Sir, it is very difficult to take the responsibility

of the State Governments on my shoulders. It would also be unfair for me to endorse some comments made by the hon. Member with regard to the State Governments, not because of anything but because of the fact that it would be unfair for anyone to prejudge the issue or judge people without hearing them as to what they have to say. The hard fact of life is that due to unfortunate and unprecedented floods, coal mines have just stopped working. They cannot work. No coal can come out. They are flooded. I cannot speak on behalf of the Minister of Energy. I have no authority to do it. But it is a hard fact that soft coke is not available in the country and this country does not have the capacity to substitute kerosene oil for soft coke, whosoever may be the Minister including Mr. Anand. I am willing to surrender my portfolio to him if he can manage it better and if he can substitute kerosene oil for soft coke, I will be very very happy. Sir, even without surrendering to him the portfolio, I am willing to sit with him in my office and take any decision that we can legally take to set the matter right. I am willing to seek his assistance because as far as I am concerned, I have done my best. Kerosene oil distribution is not my business. It is the business of the State Governments. We give them certain quota. They give the licences. People deal in kerosene oil on the basis of these licences. They are entitled to cancel the licences if there is black-marketing. The pictures in the Hindustan Times and elsewhere are not of people with a bottle. It is of people with drums. You can see the picture.

SHRI JAGJIT SINGH ANAND: It is not for kerosene oil. It is for diesel. I agree with you about diesel.

SHRI H. N. BAHUGUNA: I am talking about kerosene shortage photographs in Hindustan Times. They are there. You can see the photos. They are not photos of people with bottles in hand. They are drums. I am not saying that there is no shortage. It is very short because soft coke is not available. Now, compared to last year's supply we have tried to stretch ourselves too far in providing them with a little more. So far as diesel is concerned, I am willing to go round with my hon. friends, Shri Jagjit Singh Anand and Shri Kalp Nath Rai. We will arrange their trip tomorrow to go round the depots in eight or ten places in Delhi, Punjab and Haryana and they can see for themselves whether what I am saying is correct or not. All we have done is to despatche these things. It is true that in between on some days, there has been some slippage, and there has been a scare outside. And because of those earlier incidents, there has been a scare outside. Our peasants are very intelligent. And our Radio carries every story correctly. The Radio says, बम्बई मे हडताल तेल बन्द हो गया the Radio says, "Go slow in Barauni" तेल नही भेजा है। इरान में गगवड है, तेल नही आ रहा है।

And the peasantry feels what is going to happen if the rains fail in January, and what is going to happen for the thrashing season. Some of these people are really scared and, therefore, there is a scare purchase in the market.

SHRI KALP NATH RAI: It is psychological.

